RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

CLASS 10th SST

राजनीति विज्ञान

लोकतंत्र के परिणाम

RAPID REVISION



लोकतंत्र के परिणाम

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

1. लोकतंत्र में शासन की अन्तिम शक्ति ..... के हाथों में होती है।

लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : जनता



लोकतंत्र के परिणाम

2. आर्थिक समृद्धि के मामले में तानाशाही शासन व्यवस्था वाले देशों का रिकॉर्ड ..... है।

लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : अच्छा



लोकतंत्र के परिणाम

3. ..... के अधिकार के तहत सरकारी कामकाज के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : सूचना का अधिकार

RTI



लोकतंत्र के परिणाम

4. लोकतांत्रिक सरकारों में फैसले लेने में तानाशाही की तुलना में ..... समय लगता है।



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : ज्यादा



लोकतंत्र के परिणाम

5. गैर लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ आमतौर पर अपने अंदरूनी सामाजिक मतभेदों को ..... की कोशिश करती है।

लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : दबाने



लोकतंत्र के परिणाम

6. लोकतांत्रिक व्यवस्था ..... समानता पर आधारित होती है।



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : राजनीतिक



लोकतंत्र के परिणाम

7. शासन की वह व्यवस्था जिसमें शासन की शक्ति एक व्यक्ति के हाथों में हो ..... शासन व्यवस्था कहलाती है।

लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : तानाशाही



लोकतंत्र के परिणाम

8. भारत के ..... प्रतिशत लोग मानते हैं कि सरकार की चाल ढाल पर उनके वोट का असर पड़ता है।

लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : 67



लोकतंत्र के परिणाम

9. वास्तविक जीवन में लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ ..... असमानताओं को कम करने में ज्यादा सफल नहीं हो पाई है।

लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : आर्थिक / सामाजिक



लोकतंत्र के परिणाम

10. सैद्धान्तिक रूप में तो लोकतंत्र को अच्छा माना जाता है पर ..... में इसे इतना अच्छा नहीं माना जाता।



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : व्यवहार



लोकतंत्र के परिणाम

11. ..... में इस बात की पक्की व्यवस्था होती है कि फैसले कुछ कायदे कानून के अनुसार होंगे।



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : लोकतंत्र



लोकतंत्र के परिणाम

12. सामाजिक अंतर विभाजन और टकरावों को संभालना निश्चित रूप से ..... व्यवस्थाओं का एक बड़ा गुण हैं।

लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : लोकतांत्रिक



लोकतंत्र के परिणाम

13. वैध शासन व्यवस्था के मामले में ..... शासन व्यवस्था निश्चित रूप से अन्य शासनों से बेहतर है।

लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : लोकतांत्रिक



लोकतंत्र के परिणाम

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. लोकतांत्रिक सरकारें अन्य प्रकार की सरकारों से किस प्रकार बेहतर है?



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : निम्नलिखित कारणों से लोकतंत्र अन्य प्रकार की सरकारों से बेहतर है–

1. लोकतंत्र नागरिकों के बीच समानता व व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है।
2. लोकतंत्र निर्णय लेने की गुणवत्ता में सुधार करता है।
3. लोकतंत्र प्रतिस्पर्धी रवैया विकसित करता है।
4. लोकतंत्र जवाबदेह, उत्तरदायी और वैध सरकार प्रदान करता है।

लोकतंत्र के परिणाम

2. लोकतंत्र एक जवाबदेह, उत्तरदायी और वैध सरकार का निर्माण कैसे करता है?



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : लोकतंत्र में निर्णय निर्माण में जनता की अप्रत्यक्ष भागेदारी होती है। निर्णय निर्धारित मानदण्डों एवं प्रक्रिया के अनुसार किये जाते है जो निर्णयों को लोगों के लिए अधिक स्वीकार्य बनाते है। इसमें निष्पक्ष व नियमित चुनाव होते है तथा सूचनाओं को साझा किया जाता है।

लोकतंत्र के परिणाम

3. आर्थिक संवृद्धि और विकास की दृष्टि से लोकतांत्रिक शासन का मूल्यांकन कीजिये।



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : आर्थिक संवृद्धि और विकास के मामले में विकसित देशों में तानाशाहियों का रिकार्ड अपेक्षाकृत बेहतर है लेकिन तानाशाही वाले कम विकसित देशों और लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले कम विकसित देशों के बीच का अन्तर नगण्य सा है इस मामले में लोकतांत्रिक देश तानाशाही वाले देशों में पिछड़े नहीं है।

लोकतंत्र के परिणाम

4. 'वास्तविक जीवन में लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ आर्थिक असमानताओं को कम करने में अधिक सफल नहीं हो पाई है' स्पष्ट करें।

सामाजिक असमानताओं

लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : लोकतांत्रिक व्यवस्था राजनीतिक समानता पर आधारित होती है लेकिन लोकतंत्र में आर्थिक समानता की स्थापना नहीं हो पाती है। मुट्ठीभर धन कुबेर आय और सम्पत्ति में अपने अनुपात से ज्यादा हिस्सा पाते है। समाज के सबसे निचले हिस्से के लोगों को जीवन बसर करने के लिए काफी कम साधन मिलते हैं और बुनियादी जरूरते पूरा करने में मुश्किल आती है।

लोकतंत्र के परिणाम

5. "लोकतंत्र असफल रहा" कोई चार नकारात्मक परिणाम लिखिए।



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : (1) भ्रष्टाचार (2) लोगों की आवश्यकताओं की ओर कम ध्यान देना। (3) असमानता एवं गरीबी में वृद्धि (4) आर्थिक संवृद्धि एवं विकास की कमी।

लोकतंत्र के परिणाम

6. पारदर्शिता का अर्थ बताते हुए लोकतंत्र में पारदर्शिता के लाभ लिखे।



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : लोकतंत्र में फैसले नियम कानूनों के अनुसार होते है तथा नागरिकों को यह जानने का अधिकार होता है तथा उसके पास इसके साधन भी उपलब्ध है। इसे ही पादर्शिता कहते है। लोकतंत्र में पारदर्शिता से सरकार की लोगों के प्रति जवाबदेही बढ़ती है। सरकार द्वारा गलत फैसले लेने की सम्भावना कम रहती है और लोगों का विश्वास बढ़ता है।

लोकतंत्र के परिणाम

7. पूरे विश्व में लोकतंत्र के विकास के विभिन्न तरीकों का वर्णन करें।



लोकतंत्र के परिणाम

उत्तर : पूरे विश्व में लोकतंत्र के विकास के तरीके निम्नलिखित है-(1) दुनिया के लगभग 100 से अधिक देश लोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने का दावा करते है। इनका औपचारिक संविधान है, चुनाव होते है एवं राजनीतिक दल है। (2) विभिन्न देशों के आन्दोलन के परिणाम स्वरूप लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया गया है। (3) कुछ देशों के किसी विशेष समस्या के कारण में आन्दोलन हुए। (4) कुछ देशों ने सत्ता में जनता की भागेदारी के लिए अपनाया।